## मेष



01 से 06 दिसम्बर तक- सामान्य फल दायक समय है, आपने जो अभी तक परिश्रम किया है, उसका परिणाम प्राप्त हो सकता है। आप सही दिशा में एकाग्रचित होकर आगे बढ़े। माता-पिता, बॉस अथवा बुजुर्ग रिश्तेदारों का स्वास्थ्य आपके लिये परेशानी का कारण बन सकता है। आप कुछ ऐसे कदम उठायेंगे जो बिल्कुल सही साबित होंगे।

07 से 13 दिसम्बर तक-आपमें आन्तरिक शक्तियां उन्नत होंगी। आप उच्च शिक्षा ग्रहण या शोध कार्य शुरू कर सकते है। आप पहले से अधिक ताजगी और ऊर्जा अनुभव करेंगे। आर्थिक रूप से समय अनुकूल है। व्यर्थ की **उलझनों** से बचने का प्रयास करें।

14 से 20 दिसम्बर तक-वैवाहिक जीवन मधुरता भरा रहेगा, शेयर, सम्पत्ति आदि की खरीद-फरोख्त में आपको लाभ मिलेगा। किसी पर भी हद से ज्यादा भरोसा ना करें, आप स्वयं को पहले से ज्यादा मुक्त अनुभव करेंगे और जीवन का लाभ उठायेंगे। आपकी रचनात्मक कला भी उभर कर सामने आयेगी। जिससे आपको रोजगार से सम्बन्धित लाभ प्राप्त हो सकता है। अन्तर्निहित शक्तियों, कलाओं पर शोध आपके लिये बेहतर होगा।

21 से 31 दिसम्बर तक-इस सप्ताह साझेदारों और लेनदारों से निपटने में धैर्य व ठंडे दिमाग से काम लें। यह आपके स्वभाव से उल्टा होगा पर आपको शान्ति रखनी होगी। वर्ष का अन्तिम दिन **बैचेनी, दर्द भरा, कष्टकारी** हो सकता है। आप किसी विपत्ति में फंस सकते है। आप के लिये बेहतर होगा कि आप नूतन वर्ष सुमंगलमय भाग्योदय प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें। न्यौछावर ₹ 2600

शुभ तिथियाँ 14,19,23,24

## वृषभ



01 से 06 दिसम्बर तक- इस सप्ताह आपके काम-काज में आपकी योग्यता देखते हुये कुछ नई जिम्मेदारियां मिल सकती है। जिसे भली-भांति सम्पन्न करना आपके लिये चुनौती से कम नहीं होगा। पारिवारिक मामलों में महिलाओं को वांछित सफलता प्राप्त होगी। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

07 से 13 दिसम्बर तक- अकारण क्रोध व उद्विग्नता से बना बनाया काम बिगड़ सकता है। काम-काज में लापरवाही के घातक परिणाम आयेंगे। हालांकि जीवन साथी का भरपूर सहयोग मिलेगा, मन से स्वयं को **हारा** हुआ या **दुःखी** अनुभव करने से बचे। आप सकल सिद्धिदा भैरवी साधना ग्रहण करें इससे आपके कष्टों का निवारण होगा। न्यौ. ₹ 2100

14 से 20 दिसम्बर तक-इस सप्ताह बेरोजगारों को रोजगार प्राप्ति का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा। यदि आप अविवाहित है तो सगाई-विवाह सम्बन्धी बात किसी नतीजे पर पहुँच सकती है। मध्य भाग में सावधानी पूर्वक आगे बढ़े अन्यथा आप मुसीबत में फंस सकते है। 18 से 20 तक सभी कार्य स्थगित रखना बेहतर होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ हो सकती है, जिसका कोई सुखद परिणाम नहीं मिलेगा।

21 से 31 दिसम्बर तक- सम्पर्क और संवाद के लिये समय अच्छा है। कुछ रचनात्मक क्रिया-कलापों का दौर रहेगा, जिससे आपका कार्य भी प्रभावित होगा। अपव्यय पर नियंत्रण रखें, आपका कोई गलत निर्णय जीवन में आग लगा सकता है, जिससे पारिवारिक स्थितियां भी प्रभावित होंगी, इसके साथ ही आप पर कोई अपयश या लांछन लगने के भी आसार है।

शुभ तिथियाँ 11,13,18,22

## मिथुन



01 से 06 दिसम्बर तक-इस सप्ताह आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। वहीं लोगों के साथ आपका बेहतर संवाद स्थापित होगा। आपके अधिकार क्षेत्र में भी बढ़ोतरी होगी, आर्थिक स्थिति में सुदृढ़ता आयेगी। धन, सम्पति, सूचना प्रोद्योगिकी, शेयर, जमीन-जायदाद आपको विरासत में मिल सकता है। भाईयों से मन-मुटाव हो सकता है, जिसके कारण परिजनों अथवा पत्नी से सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं। इस निवारण हेतु आप राम जानकी सर्व सुख-सौभाग्य प्राप्ति साधन ग्रहण करें। न्यौछावर ₹ 3100

07 से 13 दिसम्बर तक- इस समय आपके लिये परिवार मुख्य मुद्दा होगा, आप अपने परिवार को बढ़ाने के लिये, किसी के साथ साझेदारी भी कर सकते है, नौकरी में मनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है। आप अपने सम्बन्धों को बेहतर करने के लिये उचित अवसर की तलाश करेंगे, दूसरों की **समस्याओं** के कारण आपकी चिंता बढ़ सकती है।

14 से 20 दिसम्बर तक- इस समय जोखिम भरे कार्यो को करने से बचें, इसमें आपको **चोटादि** लगने की संभावना है। इसलिये वाहन, मशीन और अन्य उपकरण सावधानी से उपयोग करें। आपके दिमाग में फाईनेंस सर्वप्रथम होगा और परिवार दूसरे नम्बर पर रहेगा। आप अपना काम निकलवाने में माहिर रहेंगे।

21 से 31 दिसम्बर तक- पति-पत्नी में वित्त को लेकर कलह की स्थिति रहेगी। आप अपनी वाणी पर संयम रखे, विवाद गहरा हो सकता है। आपका किसी कार्य में मन नहीं लगेगा, बच्चों को लेकर आप अत्यधिक चिंतित हो सकते है परन्तु वे आपके आशाअनुरूप फल प्रदान करेंगे।

शुभ तिथियाँ 16,18,23,25



## कर्क

**01 से 06 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह **संभावनाओं** के नये द्वार खुलेंगे, लोगों से **बेहतर संवाद** होगा, मीटिंग्स आदि में पूरे सप्ताह व्यस्त रहेंगे। आप स्वयं को पहले से ज्यादा **ऊर्जावान** अनुभव करेंगे, जिसका लाभ आपके कार्यक्षेत्र में दिखेगा। आपकी कुछ **योजनायें** लम्बित हो सकती हैं।

**07 से 13 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह जीवन के कई मोर्चो पर आपको सुधार दिखाई देगा, **मान-सम्मान** में **वृद्धि** होगी। हालांकि **गृहस्थ जीवन अंशाति** पूर्ण हो सकता है, **जीवनसाथी** से सहयोग ना मिलने पर मन खिन्न रहेगा, जिससे **संतान पक्ष** भी डांवाडोल होंगे, आप **राम जानकी सर्व सुख-सौभाग्य प्राप्ति साधना** ग्रहण करें, पारिवारिक स्थितियों में **सुधार** व **सुख, समृद्धि, सम्पन्नता** और **मधुरता** का संचार होगा। **न्यौछावर ₹ 3100**

**14 से 20 दिसम्बर तक-** इस **सप्ताह** कई मसलों के कारण बैचेनी हो सकती है, साथ ही बिना किसी कारण से आप रिस्क लेने के लिये **आतुर** रहेंगे, जिसका परिणाम आपके लिये **हानिकारक** होगा, इसके साथ ही अर्थ से सम्बन्धित **अड़चनों** का भी सामना करना पड़ सकता है। **व्यापार** में हानि के योग बन रहे है। आप **शुभ-लाभ लक्ष्मी गणेश सर्व कार्य सिद्धि कवच** धारण करें इससे आपके सर्व कष्टों का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹ 1500**

**21 से 31 दिसम्बर तक-** वर्ष का अन्तिम सप्ताह **कुशलता पूर्वक** व्यतीत होगा। **विद्यार्थी वर्ग** के लिये समय बेहतर है, महिलाये थोड़ी **चिंतित** और **तनाव** में रहेंगी, आने वाले वर्ष का प्रारम्भ **सकारात्मक** करने के लिये आप **आध्यात्मिक गतिविधियों** का हिस्सा बनेंगे।

**शुभ तिथियाँ 04,09,11,15**



## सिंह

**01 से 06 दिसम्बर तक-** माह का प्रथम सप्ताह शानदार होगा, इस सप्ताह आप जो करना चाहेंगे, वह इस समय पूरा होगा, लोगो से **मेल-मुलाकात, सामाजिक सक्रियता** बढ़ाने से आपको **सफलता** मिलेगी तथा आय में वृद्धि होगी। आप अपना कार्य पूरी **ईमानदारी** से करेंगे, इस समय आपके **नेतृत्व क्षमता** में वृद्धि होगी।

**07 से 13 दिसम्बर तक- कैरियर** और **व्यक्तिगत लाभ** के कार्यो में अपने **अहं** को आड़े न आने दे, अन्यथा बना बनाया कार्य बिगड़ सकता है। अपने परिवार वालों के लिये समय निकालें अन्यथा **पारिवारिक नाराजगी** का सामना करना पड़ सकता है। **वाद-विवाद** से दूर ही रहे, तो अच्छा होगा। साथ अपनी **योजनाओं** के बारे में किसी से चर्चा ना करें।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह आपकी **लोकप्रियता** बढ़ेगी। पति-पत्नी के मध्य सम्बन्ध केवल महत्त्वपूर्ण ही नहीं आवश्यक भी होंगे, इसलिये किसी भी तरह की **दरार** ना आने दें। परिवार में **वित्त** कारणों से **कलह-क्लेश** की स्थितियां बन सकती है। पर इसमें भी वित्त से ज्यादा अहम् आड़े आयेगा और झुकना कोई नहीं चाहेगा। **युवा वर्ग कैरियर** पर ध्यान देंगें

**21 से 31 दिसम्बर तक-** आप अपनी **प्रवीणता** और **कुशलता** से काम संभालेंगे। **व्यावसायिक प्रतिद्वन्द्वियों** का डटकर मुकाबला हो सकता है। समय थोड़ा **विपरीत** रहेगा, आपके हर कार्य को उल्टा देखा जायेगा, खर्चो की **अधिकता** रहेगी है। आप **सकल सिद्धिदा भैरवी साधना** ग्रहण करें, जिससे उन्नति, प्रगति के साथ **सुख-शांति** की स्थितियां बनेंगी।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**शुभ तिथियाँ 09,14,16,21**



## कन्या

**01 से 06 दिसम्बर तक-** इस माह का प्रारम्भ ठीक-ठाक रहेगा, अभी तक आपने जो भी **निवेश** किया है, देर से ही सही उसका परिणाम **सुकुन** भरा होगा। **पारिवारिक जीवन** में सभी से तालमेल बनाकर रखे एवं अपने **क्रोध** पर नियन्त्रण बनाये रखे अन्यथा आप किसी **विपत्ति** में फंस सकते है। व्यापार में कोई भी निर्णय सोच समझ कर ही करें। **किसी पर अधिक विश्वास न करें।**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह का समय **अनुकूल** रहेगा, **प्रतियोगी परीक्षा** में **सफलता** के आसार है, इंटरव्यू में अव्वल रहेंगे, आप में **उत्साह का संचार** होगा, **भाग्य** आपका साथ देगा, **संतान के विवाह सम्बन्धी चिन्ता** समाप्त होगी।

**14 से 20 दिसम्बर तक-**यह सप्ताह कष्टकारी हो सकता है, बहुत ही सावधानी पूर्वक हर कार्य आपको करना होगा, आपके **स्वास्थ्य की स्थिति** नाजुक बन सकती है, घर के **वृद्ध सदस्य** की तबीयत बिगड़ सकती है। कार्यस्थल पर देरी से परेशानी बढ़ेगी। आप **रवि तेजस साधना** ग्रहण करें। जिससे **आरोग्यता** में वृद्धि होगी। **न्यौछावर ₹ 2100**

**21 से 31 दिसम्बर तक-कार्य स्थली** या **घर पर व्यवस्था** बनायें रखने के लिये **सख्ती** बरतेंगे। लोग आपकी पीठ पीछे बुराई भी करेंगे, आप **नजरअंदाज** करने का प्रयास करें, लम्बित पड़े **मामले** और अधिक लम्बित खिंच सकते हैं। परिश्रम का आपको पूरा **लाभ** मिलेगा, साथ ही परिवार के साथ किसी **दैवीय स्थान** के **दर्शन, ईश्वर भक्ति** आदि में समय व्यतीत करेंगे।

**शुभ तिथियाँ 02,21,26,30**

## तुला



**01 से 06 दिसम्बर तक-** माह की शुरूआत **अच्छी** होगी, आपको कुछ **चमत्कारिक लाभ** देने वाला समय चल रहा है। इस समय आप **परिस्थितियों** का आकलन कर अधिक **लाभ** प्राप्त करने में सफल हो सकते है। **व्यक्तिगत** व **व्यावसायकि** जीवन में **ताल-मेल** बैठाना आवश्यक है, नहीं तो **कार्य की अधिकता** में **तनाव** में आ सकते हैं।

**07 से 13 दिसम्बर तक-** थोड़ी **सूझ-बूझ** से अपने बिगड़े हुये **कार्यो** को सही रूप में सम्पन्न कर पायेंगे। दूसरों के कहे अनुसार ना चलें। परिवार से **वैचारिक मतभेद** समाप्त होगा, नौकरी के इच्छुक जातकों को **शुभ समाचार** प्राप्त होगा, **कानूनी मसलों** को लेकर **चिंतित** रहेंगे साथ ही व्यर्थ की उलझने बढ़ सकती हैं।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** **बैंक** या **किसी वित्त संस्थान** से ऋण लेने के इच्छुक है, तो **सफलता प्राप्त** होगी। आपकी कार्य योजना से **लोग प्रभावित** होंगे, साथ ही उन्हें आगे बढ़ाने में **सहयोग** मिलेगा। अपनी **इच्छा शक्ति** को इतना मजबूत करें, कि **छोटी-मोटी बाधाओं** से आपको विचलित ना होना पड़े। **सकल सिद्धदा भैरवी साधना** ग्रहण करें, आपके सभी कार्य **पूर्णता** से सफल होंगे।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**21 से 31 दिसम्बर तक-** आपको किसी कारण से **शर्मिन्दा** होना पड़ सकता है। किसी बात या स्थिति को लेकर मन खिन्न रहेगा, आवश्यक कार्यो को फिलहाल टालना बेहतर होगा, इंटरव्यू की परीक्षा में **सफलता** मिल सकती है, **दाम्पत्य जीवन कुशल मंगल** रहेगा, **वाहन, मशीनरी** का उपयोग सावधानी से करें, नये **वाहन क्रय का योग** बेहतर है।

**शुभ तिथियाँ 02,08,13,27**

## वृश्चिक



**01 से 06 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह आप पर **सहकर्मियों** व **बॉस** की **अपेक्षाओं** पर खरे उतरने की भी महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। किसी **घनिष्ठ मित्र** या **सम्बन्धी** से फालतू की गलत फहमियां सम्बन्धों में खटास का कारण बनेगी। **संतान का विवाह** या **कैरियर** की **समस्या** सुलझ सकती है।

**07 से 13 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह **विवाह योग्य** जातकों के लिये **प्रणय योग** बन रहा है। आप **लेन-देन** रूपये पैसे के मामले में किसी पर भरोसा ना करें। आप **अचानक** किसी **षड्यंत्र** के शिकार भी हो सकते हैं। आपके सहकर्मी आपके साथ विश्वासघात कर सकते है। आप अपने जीवन में आ रही किसी अनहोनी के निवारण हेतु आप **शुभ-लाभ लक्ष्मी गणेश सर्व कार्य सिद्धि कवच** ग्रहण करें, **सुस्थितियों** की प्राप्ति होगी।

**न्यौछावर ₹ 1500**

**14 से 20 दिसम्बर तक-** व्यापारिक अनुबन्ध सोच-समझकर करे, **मध्य भाग** वित्तीय लेन-देन में **सहायक सिद्ध** हो सकता है। **नौकरी** अथवा **काम-काज** में कुछ **समस्यायें** आ सकती है। सहकर्मियों से सम्बन्ध ठीक नहीं रहेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** **भावनाओं** से ज्यादा आपका **दृष्टिकोण व्यापारिक** होगा। **मनचाहा** कार्य सम्पन्न हो सकता है। **निवेश** के लिये समय **उपयुक्त** है। अपने **परिश्रम** व **योजना** से आप **लक्ष्य** की प्राप्ति करने में सफल हो सकते है। वर्ष के अन्तिम दो दिन **कष्टप्रद** हो सकते है, **धनहानि, स्वास्थ्य** आदि की **समस्या** हो सकती है। परिवार में **ताल-मेल** अच्छा रहेगा। महिलायें अपने **स्वास्थ्य** पर विशेष ध्यान दें, अन्यथा **समस्या** हो सकती हैं।

**शुभ तिथियाँ 01,05,09,30**

## धनु



**01 से 06 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह आपको **त्वचा** सम्बन्धित **समस्या** आयेगी। किसी बात को लेकर मन में **बैचेनी** रहेगी, बार-बार वही बात मन में **गूंजती** रहेगी। यह समय **नुकसान** और **असफलताओं** से भरा हो सकता है। **स्थानान्तरण** के योग बन रहे है, **स्वास्थ्य** पर विशेष ध्यान दें आपके लिये **सकल सिद्धिदा भैरवी साधना** ग्रहण करना उपयुक्त होगा।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** आपके कार्यो को **सराहना** मिलेगी, कार्यक्षेत्र में **मित्रों** व **शुभचिन्तकों** का सहयोग भी मिलेगा, व्यवसाय में आपको कड़ी **प्रतिस्पर्धा** से गुजरना पड़ सकता है। साथ ही आपके सामने कुछ **अप्रत्याशित खर्च** आ सकते हैं। **विदेशी शिक्षा अध्ययन** के लिये समय उपयुक्त है।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह आपको **व्यर्थ के प्रपंचो** से **बचना** होगा। नौकरी बदलने के लिये समय अनुकूल है, करीबी से थोड़ा **सावधानी** बरतें, आपकी कोई **गुप्त बात** अथवा **प्रेम सम्बन्ध** उजागर हो सकता है, जिससे आपकी **सामाजिक प्रतिष्ठा** में गिरावट होगी। **धार्मिक यात्रा** का योग भी बन रहा है।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह आपको जो भी इच्छाये है, वे सभी किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के **सहयोग** से पूरी हो सकती है। आप जोश में आकर कोई ऐसा वादा या कार्य न करें, जिसे पूरा करने में आप **असमर्थ** हों। **पैतृक सम्पति** को लेकर **विवाद** हो सकता है। जिससे परिवार में **मनमुटाव-कलह-क्लेश** की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। साथ ही आप **धैर्य, संयम** से सभी मामलों का समाधान करने का प्रयास करें।

**शुभ तिथियाँ 04,06,08,29**



## मकर


**01 से 06 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह किसी नये **मेहमान** का आगमन हो सकता है। अधिकतर **पारिवारिक स्थितियां** आपके **पक्ष** में होगी। **विद्यार्थी वर्ग** पूरी **तल्लीनता** से अध्ययन करेंगे, **विद्यार्थी वर्ग** को अपने **लक्ष्य की प्राप्ति** में कुछ **बाधाओं** और **अड़चनों** का सामना करना पड़ सकता है। परीक्षा के कुछ माह पूर्व से ही अच्छी तैयारी हेतु आवश्यक है कि आप **शुभ-लाभ लक्ष्मी गणेश सर्व कार्य सिद्धि कवच** ग्रहण करें, जिससे आप अपना **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** करने में सफल होंगे। **न्यौछावर ₹ 1500**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह वाहन **सावधानी पूर्वक** चलाये। आपका कोई अपना ही आपके साथ **विश्वासघात** कर सकता है, जिससे आप **भावनात्मक** रूप से बहुत आहत होंगे। साझेदार की हर गतिविधि पर नजर रखना बेहतर होगा।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिल सकते है तथा आप ख्याली पुलाव पर रोक लगायें अन्यथा काम अधूरे रह सकते है। **आर्थिक मसले** हावी रहेंगे। महत्त्वपूर्ण यात्रायें, परियोजनायें तथा इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** यह सप्ताह मिला-जुला परिणाम लेकर आयेगा, **कार्य-व्यापार** मजबूत होने की संभावना है। किसी **मित्र** अथवा **अनजान व्यक्ति** से वाद-विवाद हो सकता है, जिससे आपको असहज स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। **शत्रु, विरोधी** हावी होंगे, किसी को रूपये उधार ना दें फंस सकता है। **परिवार** और **इष्ट मित्रों** का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**शुभ तिथियाँ 02,18,28,31**



## कुंभ

**01 से 06 दिसम्बर तक-** दिनांक 1-3 **धनदायक दिवस** है, ये दिवस बड़े **उन्नतिकारक** व **शुभ** रहेंगे। **घर-परिवार, व्यवसाय, कैरियर, परिश्रम** से पटरी पर आ सकेंगे। आपको **तनाव** और **थकावट** हो सकती है, अध्ययनरत बच्चों को अपने टीचर से अच्छा-खासा सहयोग मिलेगा।

**07 से 13 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह आप अपने लक्ष्य पर **ध्यान केन्द्रित** करेंगे और काफी हद तक सफल होंगे। आप अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की भी कोशिश करेंगे। आपकी **रचनात्मकता** पूरे उफान पर होगी। लेकिन इसके साथ ही रिश्तेदारों से **नकारात्मकता** ही प्राप्त होगी।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** आप सभी **बाधाओं** को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे, लेकिन अभी भी कुछ **समस्याएं** आपको घेरे रखेंगी, **आर्थिक स्त्रोत** पर दबाव बना रहेगा। जरूरत पर **मित्र-रिश्तेदार** मुंह छिपायेंगे। आप **नूतन वर्ष सुमंगलमय भाग्योदय प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें। जिससे आने वाला **नूतन वर्ष** आपके लिय हर तरह की कार्यसिद्धि के लिये अच्छा होगा। **न्यौछावर ₹ 2600**

**21 से 31 दिसम्बर तक-** इस समय आपको कई नई **चुनौतियों** का सामना करना पड़ सकता है, जिसके **दुष्परिणाम** स्वरूप में कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना है। संतान की तरफ से राहत मिलेगी, लेकिन कड़ी मशक्क्त के बाद भी **व्यवसाय** में **लाभ** ना मिलने से मन खिन्न रहेगा। **महिलाओं के लिये समय संतोषकारी रहेगा। प्रेम-प्रसंग** से सम्बन्धित लोग **सावधान** रहें, आप किसी **गंभीर मुसीबत** में फंस सकते है अथवा आपके साथ बड़ा **धोखा** हो सकता है।

**शुभ तिथियाँ 01,05,24,28**



## मीन

**01 से 06 दिसम्बर तक-** माह का प्रारम्भ **बाधाओं, अड़चनों** अथवा **अशुभ समाचारों** से हो सकता है, वाहन मशीनें और इलेक्ट्रानिक सामानों का उपयोग सावधानी से करें। **रिश्ते-नातों** में **कड़वाहट** आयेगी, **कैरियर-प्रेम** की स्थिति भी ठीक नहीं दिख रही। परिवार में किसी सदस्य का **स्वास्थ्य** अचानक खराब हो सकता है। आप **सकल सिद्धिदा भैरवी साधना** ग्रहण करें, जिससे जीवन में अतिरिक्त आने वाली **बाधाओं** का शमन होगा। **न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** यह सप्ताह थोड़ा **शांतिदायक** रहेगा, किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे **व्यापार** अथवा **कैरियर** से सम्बन्धित **लाभ** की प्राप्ति हो सकती है। इन कार्यो में अपना अहं बीच में ना लायें, नहीं तो **नुकसान** उठाना पड़ेगा। पत्नी से **मतभेद** और तकरार की स्थितियां आ सकती है। अपने **क्रोध** में नियंत्रण रखें।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह हर किसी से **संवाद बेहतर** होगा, आपको अपने काम से **संतुष्टि** मिलेगी, **वित्त मामले** जोखिम भरे हो सकते हैं, **भावनात्मक सम्बन्ध** और अधिक मजबूत होंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह कुछ **विशेष कार्यो** को सम्पन्न कर सकते है, आप इस समय अपने **लक्ष्य के प्रति** अधिक **सक्रिय** रहेंगे, **शत्रु विरोधी** आप पर हावी होने का प्रयास करेंगे, लोग आपकी **कमजोरियों** का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, आपके निर्णय गलत साबित हो सकते है, **सोच-समझकर** निर्णय लें, **हानि** हो सकती है।

**शुभ तिथियाँ 01,21,23,27**